countries are properly taken into account in all international policy decisions.

We give the highest priority to our relations with our neighbours in South Asia and to developing and strengthening the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC). With the successful conclusion of two rounds of talks on Preferential Trade Arrangements in South Asia, SAARC has now embraced the goal of establishing a Free Trade Area in South Asia (SAFTA) by the year 2001. Discussions have also commenced on promoting cooperation in the field of investment.

India is also Full Dialogue Partner of Association of South East Asian Nations (ASEAN) and is a participant of ASEAN Regional Forum (ARF). Through participation in these multi-laternal fora we aim at establishing a stable and peaceful environment leading to socio-economic progress of all the people of the region.

भारत-पाक सचिव स्तर की तीसरे दौर की वार्ता में चर्चा किए गए मुद्दे

163. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री रामगोपाल यादव:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत-पाक सचिव स्तर की तीसरे दौर की वार्ता सितम्बर के दूसरे सप्ताह में नई दिल्ली में हुई थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त वार्ता में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनका ब्यौरा क्या है:

(ग) क्या उक्त चर्चा में कश्मीर मुद्दा भी उठाया गया था;

(घ) यदि हां, तो कश्मीर के संबंध में पाकिस्तान का क्या रूख रहा है: और

(ङ) चर्चा का क्या परिणाम निकला है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी) : (क) से (ङ) भारत और पाकिस्तान के बीच पुन: शुरू हुई विदेश सचिव स्तर की तीसरे दौर की बातचीत 15 से 18 सितम्बर, 1997 तक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। बातचीत का यह दौर दोनों पक्षों के इस निर्णय के बाद आस्थगित हो गया कि परस्पर सुविधाजनक तीरीखों को इसे पुन: संयोजित किया जाएगा।

जून, 1997 में इस्लामाबाद में विदेश सचिवों की बैठक में आठ विषय तय किए गए अर्थात (क) शान्ति और सुरक्षा, तथा विश्वासोत्पादक उपाय, (ख) जम्मू तथा कश्मीर, (ग) सियाचीन, (घ) तुलबुल नौवहन परियोजना, (ङ) सिर क्रिक, (च) आतंकवाद और दवाईयों का गैर-कानूनी व्यापार, (छ) आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग, (ज) दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान के संवर्धन के लिए बातचीत। उन्होंने यह भी निर्णय लिया कि एक एकीकृत पद्धति में इन मुद्दों के समाधान के लिए एक तंत्र की स्थापना की जाएगी और दोनों दोशों के विदेश सचिव शान्ति तथा सुरक्षा सहित विश्वासोत्पादक उपायों एवं जम्मू और कश्मीर मसलों का सीधा समाधान निकालेंगे, और अन्य तय विषयों पर बातचीत का समन्वय करेंगे तथा उसकी निगरानी करेंगे। तीसरे दौर की बातचीत वार्ता के इन तौर-तरीकों पर केन्द्रित रही।

बातचीत के दौरान हमने पाकिस्तान को साफतौर पर और स्पष्ट रूप से जम्मू तथा कश्मीर के संबंध में अपनी स्थिति दोहराई है हमने जम्मू तथा कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को पाकिस्तान का समर्थन तथा प्रोत्साहन, और इस प्रकार की प्रतिकूल गतिविधियों को पूर्णत: समाप्त करने की आवश्यकता के बारे में भी अपनी गम्भीर चिन्ता से अवगत करा दिया है। इस बात पर भी बल दिया गया है कि नियंत्रण रेखा पर सीमावर्ती क्षेत्रों में और जम्मू तथा कश्मीर में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की अकारण गोलाबारी बन्द होनी चाहिए जिसकी वजह से निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं।

बातचीत के दौरान हमने विश्वास, मैत्री तथा सहयोग के संबंध स्थापित करने, तथा आर्थिक, व्यापार, सांस्कृतिक, दोनों देशों के लोगों के बीच क्रियाकलाप और अन्य कार्यात्मक क्षेत्रों में व्यापक संबंध विकसित करने की अपनी इच्छा दोहराई है।

पासपोर्ट जारी करने से संबंधित लोक शिकायतों पर कार्यवाही

164 **श्री नागमणि:**
चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पासपोर्ट जारी होने संबंधी लोक शिकायतों पर कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की जाती है;

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है; और